गुरुग्राम
वीरवार
09 फरवरी, 2023
वर्ष 11, अंक 39
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08 पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता का एक और मास्टर स्ट्रॉक

अग्रवाल महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा यूपीएससी परीक्षा: समस्या और चुनौतियां विषय पर व्याख्यान का आयोजन

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। बुधवार को हिंदी विभाग, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) के तत्त्वाधान में आयोजित ऑनलाइन व्याख्यान जिसका विषय यूपीएससी परीक्षा: समस्या और चुनौतियाँ था। बतौर वक्ता डॉ. प्रीति हूड्डा (आईआरएस) हमारे बीच उपस्थित रहीं।

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने अतिथि का स्वागत किया और अपने उद्घाटन वक्तव्य में उन्होंने शीर्षक की सार्थकता पर बात करते हुए यूपीएससी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को इस परीक्षा की चुनौतियों के बारे में अवगत कराया साथ ही यह भी बताया कि यूपीएससी हर बच्चा का सपना होना चाहिए। इसके बाद मुख्य वक्ता डॉ. प्रीति हूड्डा (आईआरएस) ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम पर विस्तृत चर्चा करने के उपरांत उन्होंने इस परीक्षा के समक्ष आने वाली चुनौतियों को बताया। मसलन, आप वैकल्पिक विषय का चयन कैसे करते हैं, उसका आधार क्या होना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपने निजी अनुभवों को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। जब वह यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं तो उनके सामने कौन-कौन सी समस्याएं आईं और उन्होंने उसका समाधान कैसे किया। अपने वक्तव्य के अंत में छात्र-छात्राओं ने मुख्य वक्ता से प्रश्न किए और वक्ता ने बहुत ही सहजता से उनके प्रश्नों का उत्तर दिया। इस व्याख्यान के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रेणु माहेश्वरी और डॉ. सुबोध ठाकुर का सहयोग रहा। वहीं तकनीकी समस्या के निवारण हेतु विनीत नागपाल और अश्वनी ने मदद की।